## एक नजर में



### दो नाबालिगों को किया दस्तयाब

उज्जैन। तराना क्षेत्र की एक फरियादी ने 3 नवंबर को सूचना दी गई थी कि उसकी नाबालिग बालिका को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। सूचना पर थाना तराना पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना तराना पुलिस टीम ने साइबर सेल की तकनीकी सहायता मुखबिरों से प्राप्त सूचना सतत तस्दीकी व पतारसी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 दिसंबर को नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी ईश्वर पिता राजाराम राव, उम्र 22 वर्ष, निवासी चिंतामण जवासिया को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार दूसरे मामले में 5 दिसंबर को तराना क्षेत्र की एक अन्य फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग बालिका के बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। जांच के दौरान थाना तराना पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण व मुखबिर सूचना के आधार पर सिर्फ 24 घंटे में नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया तथा संबंधित बाल अपचारी को पुलिस हिरासत में लेकर वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की गई है। इस कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक रामनारायणसिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक रविन्द्र कटारे, सहायक उपनिरीक्षक आनंदसिंह झाला, आरक्षक अमरदीप सिंह, आरक्षक दीपक पटेल, आरक्षक आनंद व महिला आरक्षक राखी सेन का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।




### जल संरक्षण में जन मानस की अहम भूमिका

उज्जैन। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन ज़िला उज्जैन चयनित नवांकुर संस्था देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति सेक्टर पंथ पिपलाई एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राघो पिपलिया द्वारा में जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने कहा कि जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान से कूप आदि रिचार्ज होते है। पशुओं के लिए पीने का पानी उपलब्ध होता है एवं खेतों के लिए भी यह उपयोगी है। इस प्रकार के कार्य से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति महत्व की भावना का जागृत होता है। ग्राम प्रस्फुटन समिति से अध्यक्ष मनोज पाटीदार, सियाराम पाटीदार, जितेंद्र पाटीदार, महेश पाटीदार, लखन ठाकुर, धीरज पाटीदार, गौरव पाटीदार, सुमन पाटीदार, महिमा पाटीदार, मिलन पाटीदार, ग्रामीणजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता, परामर्शदाता विकेंद्र शर्मा एवं स्वस्थ विभाग के मिथलेश शर्मा नगर समिति से छवि कदम आदि उपस्थित रहे एवं जल सरंक्षण की शपथ दिलवाई गई। मनोज पाटीदार ने संचालन किया एवं करुणा शितोले आभार माना।



### सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन

उज्जैन। वार्ड क्रमांक 42 अंतर्गत कन्हैया परिसर के पास स्थित दुर्गा माता उद्यान में पार्षद अंजलि बालकृष्ण पटेल के प्रयासों से उद्यान का संधारण एवं सौंदर्यकरण कार्य नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा है। उक्त कार्य का भूमि पूजन रविवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल की उपस्थिति में किया गया। उल्लेखनीय है कि राशि रुपए लगभग 06 लाख की लागत से उद्यान में सौंदर्यीकरण कार्य के अंतर्गत पाथवे निर्माण, ब्लॉक लगाए जाने का कार्य, झूलों का संधारण, बाउंड्री वालों की रंगाई पुताई, विद्युत पोल लगाने इत्यादि आवश्यक कार्य करवाए जाएंगे। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को उद्यान में घूमने में सुविधा होगी एवं उद्यान का रखरखाव अच्छे से हो सकेगा। इस दौरान नगर उपाध्यक्ष आनंद सिंह खींची, बालकृष्ण पटेल, महेश खंडेलवाल, देवेंद्र शर्मा, वरुण गुप्ता, यशवंत अग्निहोत्री, प्रवीण चौहान, कुलदीप पांचाल, कल्याण शिवहरे, सुहास वैध्य, राजेंद्र शर्मा, प्रियंका सेंगर एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।



### नगर निगम अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

उज्जैन। रविवार को वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत पार्षद आशिमा गौरव सेंगर के प्रयासों से महानंदा नगर अंतर्गत विशेष निधि के तहत किए जाने वाले डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी की उपस्थिति में किया गया। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 51 महानंदा नगर अंतर्गत सेक्टर बी की विभिन्न गलियों में विशेष निधि की राशि से डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। इस दौरान महामंत्री आनंद खींची, कमल बैरवा, मंडल महामंत्री सचिन गोसर, मधुकर राव, पार्षद निर्मला करण परमार उपस्थित रहे।

### गहलोत अजाक्स के कार्यकारी अध्यक्ष बने

उज्जैन। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी, कर्मचारी संघ एवं अजाक्स के प्रांतीयअध्यक्ष संतोष वर्मा साहब के आदेश एवं जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार की सहमति से दरियावसिंह गहलोत को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी डीएल भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि नियुक्ति होने पर संगठन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा गहलोत का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर अनोखीलाल भारती, दीपचंद जाटव, जगन्नाथ बागड़ी, मोहनलाल मालवीय, मोहनलाल चौहान, बीएल एयरवाल, कमल बालोनिया, मेहरवान सिंह राठौर, नरेन्द्र आठिया, राजकुमार दुबे, भूरेखान पठान, बलाई समाज की डायरेक्टर डॉ. तेजकुमार मालवीय आदि लोग उपस्थित थे।

## महाकाल की नगरी में आधुनिक मेडिसिटी ले रही आकार, एक साल में दिखा विशाल निर्माण

### 592 करोड़ की लागत से तेजी से हो रहा विकास, छात्रों और मरीजों को मिलेगा बड़ा लाभ, मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल और स्टॉफ को जोड़ेगा फुट ब्रिज





**उज्जैन। भगवान महाकाल की नगरी में बनने वाली मध्य प्रदेश की पहली अत्याधुनिक मेडिसिटी का निर्माण अब स्पष्ट ऊपर तक दिखने लगा है। एक वर्ष पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भूमि पूजन किए गए इस प्रोजेक्ट में अब इमारतों का ढांचा गति पकड़ चुका है।**

निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग हॉस्टल के बीच अब एक फुट ब्रिज भी बनाया जाएगा, जिससे अस्पताल, हॉस्टल व स्टाफ बिल्डिंग तक आवाजाही आसान होगी। इस पुल से मरीजों के उपचार और मेडिकल-स्टाफ की कार्यप्रणाली में काफी सुविधा मिलेगी। जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग तोड़कर कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है वहीं संख्याराजे अस्पताल की जगह हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है।

कॉलेज परिसर में स्टूडेंट व स्टाफ आवास के लिए भी बड़े पैमाने पर निर्माण हो रहा है। नर्सेज हॉस्टल, आरडीएच ब्लॉक और यूजी इंटर्न गर्ल्स हॉस्टल 14 मंजिला होंगे। यूजी इंटर्न बॉयज हॉस्टल 11 मंजिला इमारत में बनेगा। 380 क्षमता वाले नर्सिंग हॉस्टल, लाइब्रेरी, सर्विस ब्लॉक, जिम्नेजियम, पार्किंग और अन्य सुविधाएं परिसर में उपलब्ध रहेंगी।

मेडिसिटी में आधुनिक तकनीक के साथ पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था लागू होगी। भवनों में ऊर्जा दक्षता मानकों का पालन किया जाएगा। वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा सिस्टम, अग्नि सुरक्षा मानक, बिजली बैकअप और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसे आधुनिक प्रोजेक्ट शामिल किए गए हैं। इस पूरी व्यवस्था के बाद उज्जैन में मेडिसिटी न केवल चिकित्सा शिक्षा का केंद्र बनेगी बल्कि आसपास के जिलों और राज्यों के मरीजों के लिए भी सुपर स्पेशियलिटी उपचार उपलब्ध कराएगी। शहर में विकसित होने वाला यह स्वास्थ्य शहर आने वाले वर्षों में मध्य भारत की चिकित्सा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला प्रोजेक्ट माना जा रहा है।

नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि समय-समय पर मौका मुआयना किया जाता है। वहीं कंपनी को तेज गति से निर्माण करने के दिशा निर्देश दे रखे है। संभाग आयुक्त आशीष सिंह से लेकर भोपाल स्तर से भी मॉनीटरिंग की जा रही है। इधर सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल भी लगातार मेडिसिटी के निर्माण को लेकर सक्रिय हैं।

#### 592.3 करोड़ की लागत, 14.97 एकड़ में खड़ी होंगी ऊंची इमारतें

उज्जैन में 592.3 करोड़ रुपए की लागत से 14.97 एकड़ क्षेत्र में बन रही मेडिसिटी में मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का आधुनिक केंद्र विकसित किया जा रहा है। पूरा परिसर छह बड़ी इमारतों वाले टावरों में विभाजित होगा। यहां रिसर्च एंड डेवलपमेंट, चिकित्सा शिक्षा, उपचार और प्रशिक्षण की सभी अत्याधुनिक सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध होंगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 नवंबर 2024 को मेडिसिटी का भूमि पूजन किया था। इस मेडिसिटी में 9 मंजिला टीचिंग हॉस्पिटल तैयार किया जा रहा है, जिसमें बेसमेंट भी शामिल होगा। 550 बेड क्षमता वाले इस अस्पताल में आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, सुपर स्पेशियलिटी यूनिट और इमरजेंसी ब्लॉक रहेंगे। इसके साथ ही 8 मंजिला मेडिकल कॉलेज बनेगा, जिसमें 150 विद्यार्थियों को मेडिकल की शिक्षा दी जाएगी।

## चाइना डोर से पतंग उड़ाने वालों को भेजा जाएगा जेल : एसपी

### एसपी ने व्यापारियों को दी चेतावनी, पुलिस ने शुरू किया तलाशी अभियान

उज्जैन। पतंगों का दौर शुरू होते ही पुलिस प्रशासन प्रतिबंधित चाइना डोर के उपयोग को लेकर सख्त हो गया। एसपी प्रदीप शर्मा ने पतंग व्यापारियों को चाइना डोर नहीं बेचने की हिदायत दी। साथ ही पुलिस ने पतंग की दुकानों पर सर्चिंग शुरू कर दी। लोगों से चाइना डोर के संबंध में 112 नंबर पर सूचना देने की अपील की है।




हर साल पतंग के दिनों में चाइना डोर से हादसे होते हैं। इसको देखते हुए कलेक्टर ने चाइना डोर पर प्रतिबंध लगा रखा है। बावजूद कई व्यापारी चोरी छुपे इसे बेचते हैं। इसी को देखते हुए पतंग उत्सव शुरू होने से पहले एसपी शर्मा ने पतंग दुकानों पर चाइना डोर की तलाश में अभियान चलाने के आदेश जारी कर दिए हैं। महाकाल पुलिस ने क्षेत्र में दुकानों पर तलाशी अभियान चलाया। हालांकि अभी कहीं पर चाइना डोर नहीं मिली। वहीं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए सभी ब्रिज पर लगे पोल पर तार भी बांधे जा रहे हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व है उससे पहले ही शहर में पतंग ने उड़ान भरना शुरू कर दिया है। बाजार में दुकान भी लग चुकी है। वहीं पुलिस ने भी मैदान संभाल लिया है ताकि इस बार चाइना डोर से होने वाले हादसों पर पूरी तरह से अंकुश बनाकर रखा जा सके। एसपी शर्मा ने कहा कि चाइना डोर राहगीरों के लिए ही नहीं, बच्चों, जानवरों, पशु पक्षियों के लिए भी नुकसानदायक है। पूर्व में इससे कई लोगों की जान गई है। जिसके कारण यह डोर पूरी तरह से प्रतिबंधित है। पुलिस बाजारों, पुराने विक्रेताओं और संदिग्ध इलाकों में चेकिंग अभियान चलाती रहेंगी। जो भी चाइना डोर बेचते या उपयोग करते हुए मिला उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

#### पतंग दुकानों पर प्रतिबंध का बोर्ड

एसपी ने नागरिकों से आग्रह किया है कि चाइना डोर का उपयोग न करें और यदि आस-पास कहीं इसकी बिक्री या उपयोग की जानकारी मिले तो तुरंत 112 नंबर पर सूचना दें। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए हैं कि चाइना डोर मांगने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। साथ ही दुकानों पर बैनर लगाए कि यहां प्रतिबंधित चाइना डोर नहीं मिलती।

#### लुटेरी दुल्हन गैंग का इनामी आरोपी गिरफ्तार

उज्जैन। 22 अगस्त 2025 को फरियादी रतनलाल पिता रमेशचन्द्र सेन, निवासी खरसोदकलां ने थाना भाटपचलाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने पुत्र जितेन्द्र की शादी के लिए लड़की तलाश कर रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात आरोपी विष्णुबाई धाकड़ से हुई जिसने नेहा नामक लड़की से शादी कराने के लिए 1 लाख 50 हजार की मांग की थी। इसी क्रम में अपराध दर्ज कर थाना भाटपचलाना पुलिस ने उसी दिन त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में रामचन्द्र धाकड़, जस्सू उर्फ राजू, विष्णुबाई धाकड़ एवं पूजा उर्फ नेहा को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया था। प्रकरण में फरार मुख्य आरोपिया आशाबाई को 25 नवंबर 2025 को जयपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में अंतिम फरार आरोपी विनोद पिता मांगीलाल मालवीय, जिसके विरुद्ध पुलिस अधीक्षक उज्जैन ने 5 हजार का ईनाम घोषित था। लगातार खोजबीन एवं मुखबिरी के आधार पर बांसवाड़ा, राजस्थान से गिरफ्तार किया गया। उक्त लुटेरी गैंग के समस्त आरोपीगण पूजा उर्फ नेहा, विनोद मालवीय, विष्णुबाई धाकड़, रामचन्द्र धाकड़, जस्सु उर्फ राजू बागरी, आशाबाई गेहलोत ने षड्यंत्रपूर्वक शादी करवाकर राशि हड़प ली गई थी। जिन्हें गिरफ्तार किया जाकर वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्य में थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह चौधरी, उनि प्रतीक यादव, सपना राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मकान से गिरे युवक की मौत

**उज्जैन। बीती रात युवक को पत्नी बेसुध हालत में चरक अस्पताल लेकर पहुंची, डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक शराब के नशे में छत से गिरा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है मामले की जांच की जा रही है।**

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि शिवाजी नगर गधा पुलिया से मनीष पिता दिलीप मालवीय 25 वर्ष को पत्नी छाया अस्पताल लेकर पहुंची थी। मनीष की मौत होने पर अस्पताल स्टाफ द्वारा सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने पर पता चला कि मनीष छत से गिरा है और शराब के नशे में था। जिसके चलते उसकी मौत हुई है। मृतक मनीष का परिवार शाजापुर जिले का रहने वाला है जिनके आने पर उन्होंने हत्या का आरोप लगा दिया। परिजनों का कहना था कि मनीष तीन-चार सालों से अलग रहता था उसकी शादी नहीं हुई थी। लेकिन पुलिस को पता चला कि वह छाया से शादी कर चुका था और शिवाजी नगर में रह रहा था। मनीष रेस्टोरेंट में काम करता था उसकी पत्नी महाकाल मंदिर के समीप होटल में खाना बनाने का काम करती है। परिवार द्वारा लगाए गए हत्या के आरोप सही नहीं पाए गए हैं। पत्नी छाया का कहना था कि वह रात में घर पर नहीं थी होटल पर गई हुई थी तभी पड़ोसियों ने सूचना देकर गिरने की जानकारी दी थी। उप निरीक्षक उधम सिंह राठौर के अनुसार मामला हादसा ही सामने आ रहा है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

#### सीने में दर्द उठने के बाद युवक की मौत

उज्जैन। माकड़ोन के ग्राम रतन खेड़ी में रहने वाले विक्रम पिता जोरावर सिंह परमार 27 वर्ष को परिजन सुबह चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। मामले की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी। पुलिस ने मृतक की बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष में रखी। परिजनों ने बताया कि सुबह 6.30 बजे के लगभग सीने में दर्द उठा था। समीप के अस्पताल में चेकअप कराया जहां से उज्जैन भेजा गया था। लेकिन उज्जैन पहुंचने से पहले ही विक्रम की सांस थम गई। विक्रम गांव की सोसाइटी में कंप्यूटर ऑपरेटर था और एक बच्चे का पिता था। पुलिस ने हार्ट अटैक की संभावना व्यक्त करते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

## कर्ज से परेशान युवक ने जहर खाया

उज्जैन। कर्ज से परेशान बोहरा समाज के युवक ने 2 दिन पहले जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसकी उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर जांच शुरू की है। बिलोटीपुरा स्थित बोहरा जमात का बाग में रहने वाले ओनअली पिता शब्बीर हुसैन ने 4 दिसंबर को जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए थे। दो दिन बाद रात में उसकी मौत हो गई। जीवाजीगंज पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लेकर आई। आज सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई मुस्ताक अली ने बताया कि ओन अली कर्ज से परेशान था उसने समूह लोन ले रखा था वही पत्नी निलोफर के साथ मिलकर प्रधानमंत्री लोन योजना से भी कर्ज ले लिया था। काफी समय से किस्त नहीं भर पा रहा था। जिसके चलते परेशान चल रहा था संभवत इसी वजह से उसने जहर खाया था। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

## उज्जैन प्रेस क्लब के नव नियुक्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित




उज्जैन। धर्म संसद 2025 कार्यक्रम में सनातन संस्कृति की सेवा में समर्पित हिंदु योद्धाओं का सम्मान किया गया। आयोजन में स्वामी शैलेषानद गिरी महाराज, 1008 योगी पीर रामनाथ महाराज, ज्योतिर्विद अजय व्यास आदि शामिल हुए। आयोजन में प्रेस क्लब के मनोनीत पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। आयोजन की सूत्रधार शीतल राय थी। आयोजन भरत पुरी स्थित सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान उज्जैन पर संपन्न हुआ

**वीआईपी मंदिर में** — नए साल की भीड़ से पहले कलेक्टर ने महाकाल मंदिर और महाकाल लोक का किया निरीक्षण

## स्मृति ईरानी पहुंची महाकाल के दरबार में, बिहार के मंत्री भी आए-दर्शन, पूजन कर लिया आशीर्वाद

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भगवान महाकाल के दरबार में दर्शन करने पहुंची तो बिहार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री अशोक चौधरी ने भी महाकाल के दर्शन किए। दोनों वीआईपी ने बाबा का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया।**





स्मृति शनिवार की रात उज्जैन आई थी। वे महाकाल मंदिर के शासकीय पुजारी घनश्याम गुरु, पुजारी आशीष गुरु, पुजारी संजय गुरु के यहां आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने के बाद देर रात मंदिर पहुंची और नंदीहॉल से उन्होंने बाबा के दर्शन लाभ लिया। मंत्री अशोक चौधरी रविवार की सुबह भस्म आरती में शामिल हुए। मंदिर समिति ने दोनों वीआईपी का सम्मान किया।

इधर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह महाकाल मंदिर में नए साल के दौरान उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ से पहले व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। कलेक्टर ने कहा कि श्रद्धालुओं के सुलभ दर्शन के लिए विभिन्न इंतजाम किए जा रहे हैं। 25 दिसंबर से मंदिर में भीड़ बढ़ने लगेगी जो कि 5 जनवरी तक रहेगी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि मंदिर क्षेत्र व महाकाल लोक में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्य समय पर पूरे कर लिए जाएं ताकि भीड़ के दौरान कोई परेशानी न आए। उन्होंने संपूर्ण परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को उच्च स्तर पर बनाए रखने और कहीं भी गंदगी न होने देने पर जोर दिया। श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शौचालय निर्माण और काउंटर बनाने जैसी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए है। निरीक्षण के दौरान मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

#### वरिष्ठजनों ने घूमा महाकाल लोक

आशा धाम वृद्ध आश्रम एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी राजगढ़ के वरिष्ठजनों सहित 38 सदस्यों ने उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल दर्शन किए। वरिष्ठ नागरिकों ने महाकाल लोक का भी भ्रमण किया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने उनका स्वागत किया।